तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 16 जुलाई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
खरीफ के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ



**खबर संक्षेप**


### तिवारी नाला पुल के गड्ढे की मरम्मत

**जशपुरनगर।** भागलपुर से पनचक्की जाने वाले मुख्य मार्ग पर बाल संरक्षण गृह के पास स्थित तिवारी नाला पुल में गड्ढे की मरम्मत की जा रही है। बताया जा रहा है कि गड्ढे हो जाने के कारण यातायात में परेशानी हो रही थी। इस संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था। संज्ञान में आते ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल में गड्ढा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद तत्काल आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। विभाग का उद्देश्य है कि इस प्रकार की समस्या भविष्य में उत्पन्न न हो और आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और पुल पर धीमी गति से वाहन चलाएं।

### पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए 31 जुलाई नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। ज्ञात हो कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के नामांकन के लिए कोई भी भारतीय नागरिक, संस्थान या संगठन, जिन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रयास और उल्लेखनीय योगदान दिया हो, जो दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हो और एक मजबूत और एकजुट भारत के मूल्यों को सुदृढ़ करने में मददगार बने हो, पात्र है। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक भारतीय नागरिक, संस्थान, संगठन से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in में 31 जुलाई तक की समयावधि के भीतर नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

### जिले में अब तक 21.2 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से 15 जुलाई 2026 तक 2469.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 15 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3325.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 21.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है-तहसील जशपुर में 259.2 मिमी, मनोरा में 397.3 मिमी, कुनकुरी में 317.1 मिमी, दुलदुला में 214.6 मिमी, फरसाबहार में 134.8 मिमी, बगीचा में 172.2 मिमी, काँसाबेल में 219.5 मिमी, पत्थलगाँव में 243.5 मिमी, सन्ना में 347.9 मिमी एवं बागबहार में 163.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 397.3 मिमी दर्ज की गई है। 15 जुलाई को सर्वाधिक मनोरा तहसील में 14.8 मिमी वर्षा हुई।

## जब्त सामान की कीमत 1 करोड़ 21 लाख

# ऑपरेशन आघातः 2 तस्कर गिरफ्तार, 3 कार, 552 किलो से अधिक गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले में थाना कुनकुरी क्षेत्र में एक इनोवा वाहन से 311 किलो 35 ग्राम व थाना बगीचा क्षेत्र से दो कार से 240 किलो 810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त करने व दो आरोपी तस्करों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा के नेतृत्व में पूरे सरगुजा रेंज में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न थाना एवं चौकियों से प्राप्त सूचनाओं का निरंतर आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसी समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप नशे के कारोबार में संलिप्त तस्करों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को मुखबीर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक इनोवा वाहन क्रमांक ओडी 17 जे 0205 से कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध मादक प्रदार्थ गांजा का परिवहन करते हुए उड़ीसा की ओर से तपकरा कुनकुरी मार्ग से होते हुए अंबिकापुर की ओर जाने वाले है। जिस पर डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर तस्करों की धर पकड़ हेतु पुलिस द्वारा रास्ते में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान शाम करीबन 6.35 बजे के लगभग थाना के सामने जय स्तंभ चौक के पास तपकरा रोड की ओर से उक्त संदिग्ध इनोवा कार आता दिखाई देने पर पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, परंतु संदिग्ध कार के चालक द्वारा वाहन को न रोककर तेजी से भगाया जाने लगा। पुलिस की टीम द्वारा उक्त संदिग्ध वाहन का लगातार पीछा किया जा रहा था। पुलिस को पीछा करते देख संदिग्ध इनोवा वाहन का चालक थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोड़ो छापर, पुट पुटी की पास वाहन को छोड़कर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पीछा कर रही पुलिस की टीम के द्वारा जब उक्त संदिग्ध वाहन के पास पहुंच कर इनोवा कार की तलाशी ली गई तो डिक्की में 295 पैकेट में टेप से लिपटकर बांधा गया अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा का कुल ⏭ शेष पेज 4 पर



### माल सहित वाहन जब्त

माल सहित वाहन जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन्द्र राउत उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बरा खाई थाना लेपड़ी पड़ा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा, मोहम्मद समीर उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम मेहताब रोड, थाना पलान साह जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा का रहने वाला बताया और गांजा तस्करों के लिए रेकी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों सहित 240 किलो 810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा इस मामले में गांजे व वाहन सहित कुल 1 करोड़ 20 लाख 82 हजार 400 रुपए की जब्ती की गई है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी पुष्पेंद्र नायक, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिंह, आरक्षक भूपेंद्र यादव, मामले की कार्रवाई, गांजे की जब्ती व आरोपियों की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, एसडीओपी पत्थलगांव डॉ ध्रुवेश जायसवाल, थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, थाना प्रभारी नारायणपुर निरीक्षक कोमल सिंह नेताम, थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक गौरव पांडे, उप निरीक्षक राकेश यादव,सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिंज, अनिल कामरे, ईश्वर प्रसाद बारले, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, थाने के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

इसी क्रम पुलिस की टीम द्वारा थाना बगीचा क्षेत्र में एक ब्रेजा कार क्रमांक ओडी 02 बीएच 9811 व अर्टिगा वाहन क्रमांक ओडी 16 एन 9229 से 240 किलो 810 ग्राम गांजा तथा रेकी कर रहे दो तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध अर्टिगा कार क्रमांक ओडी 16 एन 9229 व ब्रेजा कार क्रमांक ओडी 02 बीएच 9811 कुछ संदिग्ध व्यक्ति उड़ीसा की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहे हैं, जो कि गांजा तस्कर हो सकते हैं। जिस पर पुलिस की टीम द्वारा थाना उक्त संदिग्ध वाहनों की धर पकड़ हेतु रास्ते में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान थाना नारायणपुर क्षेत्र में उक्त संदिग्ध वाहन आता दिखाई देने पर थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन का पीछा किया जा रहा था। थाना बगीचा पुलिस द्वारा भी आगे नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान ग्राम मझगांव के पास डोडकी नदी के साथ संदिग्ध ब्रेजा कार का चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया परंतु पुलिस को दूसरे संदिग्ध अर्टिगा कार को पकड़ने में सफलता मिल गई। पुलिस द्वारा जब दोनों कार की तलाशी ली गई तो उसमें कुल 240 पैकेट में टेप से लिपटा हुआ कुल 240.810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला,। पुलिस ने पकड़े गए संदिग्ध अर्टिगा कार में बैठे संदिग्धों से पूछताछ कर उन्हें गिरफ्तार किया।

# जिला अस्पताल परिसर से स्कूटी चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी बरामद
- थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

जशपुर पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस ने जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई स्कूटी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई स्कूटी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिमा लकड़ा उम्र 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी टिकैतगंज जशपुर जो कि जिला अस्पताल जशपुर में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 जुलाई 2026 को प्रातः लगभग 9:15 बजे उन्होंने अपनी हीरो मैस्ट्रो स्कूटी क्रमांक सीजी 10 यु 5513 को जिला अस्पताल स्थित सिटी स्कैन यूनिट के सामने पार्किंग में खड़ी कर ड्यूटी पर चली गई थी। दोपहर लगभग 2:15 बजे वापस लौटने पर स्कूटी पार्किंग स्थल से गायब मिली। अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी कर लिए जाने पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### संदिग्ध से पूछताछ

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों एवं चोरी गए वाहन की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 13 जुलाई को कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मिलन चौक जशपुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ मिला। जिसके पास चोरी की स्कूटी हो सकती है, जिस पर पुलिस द्वारा उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम जगेश्वर राम विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी थाना सन्ना क्षेत्र बताया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी के संदेहास्पद जवाब मिलने पर उससे गहन पूछताछ की गई। जिसमें उसने जिला अस्पताल परिसर से स्कूटी चोरी करना स्वीकार कर लिया।

### चाभी लगी देख बनाया चोरी का मन

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से हीरो मैस्ट्रो स्कूटी बरामद कर विधिवत जब्त की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अस्पताल परिसर में खड़ी स्कूटी में चाबी लगी हुई देखकर उसके मन में चोरी करने का विचार आया। उसने अवसर का लाभ उठाकर स्कूटी चोरी कर अपने गांव ले गया तथा पहचान छिपाने के उद्देश्य से वाहन के आगे एवं पीछे अंकित नंबर को मिटा दिया। बाद में चोरी की स्कूटी लेकर पुनः जशपुर आने पर पुलिस ने उसे धर दबोचा।

# पीएमश्री प्राथमिक शाला कन्या आश्रम में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**जशपुरनगर।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला कन्या आश्रम बगीचा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से आरती, तिलक, पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं।

इस दौरान सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। विद्यालय में नए साथियों के आगमन से सभी बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय ही उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। यदि बच्चे प्रारंभ से ही मन लगाकर पढ़ाई करें, अनुशासन का पालन करें और अपने शिक्षकों का सम्मान करें, तो जीवन में सफलता प्राप्त करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अच्छे संस्कार एवं निरंतर प्रयास का महत्व भी समझाया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन सिंह पटेल, मंडल संयोजक संतोष गुप्ता, सरपंच प्रभा पैकरा, आश्रम अधीक्षिका चन्द्रावती यादव, विद्यार्थियों के अभिभावक, विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु 'सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने 10 जुलाई को जारी आदेश में बताया कि इस अभियान के तहत जिले के समस्त ग्रामों में 31 चिन्हित व्यक्तिमूलक योजनाओं का सघन एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग रियल-टाइम डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से होगी। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में अभिषेक कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रदीप साहू, सहायक कलेक्टर को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सभी 8 विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी को नोडल एवं संबंधित सीईओ जनपद पंचायत व तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के तहत अंतर-विभागीय अभिसरण कर विस्तृत शिविरों का आयोजन किया जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।




## समारोह में 5 एल्डरमैन ने ली पद, गोपनीयता की शपथ

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने हो प्रयास : बेसरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव





नगर पालिका परिषद पत्थलगांव में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन ने मनोनीत एल्डरमैन हरजीत सिंह भाटिया, अनिल मित्तल, सुनील अग्रवाल, अवधेश गुप्ता और भवानी शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी ऐल्डरमेन का प्रयास जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हो।

समारोह में छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि "शपथ लेना आसान है, लेकिन उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।" उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमैन से जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा नेता सुनील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित होने का दावा करते हुए कहा कि अब उसी सोच के अनुरूप पत्थलगांव के विकास को नई रफ्तार दी जाएगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह, उपाध्यक्ष अजय बंसल, पार्षदगण, नगर पालिका के सीएमओ जावेद खान, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सरगुजा के 3 शिक्षकों का होगा सम्मान

**डाड़गांव।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 15 जुलाई की सायं 5 बजे विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल, संस्थापक एनआर स्टील, रायगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चितरंजन कर, पूर्व विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही। देश के विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए किया गया है। उक्त पुरस्कार हेतु सरगुजा जिले से विपिन बिहारी गहवई व्याख्याता हाई स्कूल फुलचुही ,श्रीमती परमेश्वरी कवर व्याख्याता जजगी, डॉ सुनील कुमार यादव सहायक शिक्षक पेड़रखी का चयन हुआ है। संस्था के अनुसार यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय अभिनंदन है।

### बिजली की आंखमिचौली से बतौली क्षेत्र के लोग परेशान

**सेदम।** बतौली में लगातार हो रही बिजली गुल के समस्या को लेकर बिजली विभाग को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा नेता अमित गुप्ता ने कहा कि पिछले



10 वर्षों में बिजली विभाग की कार्य प्रणाली बद से बदतर हो गई है। पूरे मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति सहित व्यवस्था सुधार करने में बिजली विभाग पूरी तरह नाकाम हो रहे है। क्षेत्र की जनता को आज बिजली की आवश्यकता हेतु तरसते देखा जा रहा है। बरसात के मौसम आते ही ग्रामीण परिवेश में लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है और हर वक्त सांप बिच्छुओं का खतरा मंडराते रहता है। बिजली विभाग की लापरवाही से भाजपा की योजनाएं का भी सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा है जिससे अब बिजली विभाग के रवैया को लेकर आंदोलन के मूड में है। बिजली विभाग के कार्यप्रणाली को लेकर बतौली के भाजपा नेता अमित गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है।

### हवन-पूजन कर परिवार के सदस्यों ने की मूल धर्म में वापसी

**बिहारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता की प्रेरणा से ग्राम कुबेरपुर निवासी मेघनाथ यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इसाई धर्म से अपने मूल धर्म में वापसी की। ग्राम कुबेरपुर में रविवार को चंगाई सभा के माध्यम से ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर ग्रामीणों ने खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में भारी विरोध किया था साथ ही मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने चंगाई सभा में उपस्थित लोगों को थाना बुलवाया था। इस दौरान जानकारी मिली कि चंगाई सभा के बहाने लंबे समय से ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सूचना के बाद खण्ड विस्तारक रूपेश गुप्ता ऐसे ग्रामीणों से संपर्क कर अपने मूल धर्म में वापस लौटने के लिए प्रेरित कर रहे थे। श्री गुप्ता के प्रयासों से मेघनाथ यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ अपने मूलधर्म में वापसी की। इस दौरान सनातन पद्धति से हवन-पूजन उपरांत परिवार के सदस्यों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में मूल धर्म में वापसी की तथा सनातन धर्म के अनुसार जीवन यापन करने का संकल्प लिया।

### एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास चैनपुर में शाला प्रवेश उत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास चैनपुर (मनेन्द्रगढ़) में नवीन सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला, नगर एवं महिला समिति के पदाधिकारियों, छात्रावास संचालन समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें छात्रावास जीवन, अनुशासन और संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने वनवासी कल्याण आश्रम की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं समाज में उसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रावास केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना के निर्माण का माध्यम भी है। कार्यक्रम में जिला समिति की ओर से रमेशधर दीवान, सी.एल. नागवंशी, प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, माहेश्वरी एवं जिला सचिव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 6 किमी की दूरी तय करने में लग रहा लंबा समय

# खतरनाक गड्ढों के कारण धौरपुर-बबौली मार्ग से आवागमन हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

देखरेख एवं मरम्मत के आभाव में धौरपुर-राजपुर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। इसी सड़क पर विकासखण्ड के आधा दर्जन से अधिक गांव निर्भर हैं साथ ही बलरामपुर जिला से जुड़े होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क के गड्ढों के कारण आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**
- एक साल पूर्व ग्राम पंचायतों ने कराया था मरम्मत
- कनहीं है वैकल्पिक मार्ग की सुविधा

दूरस्थ क्षेत्र के गांवों तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत धौरपुर-बबौली सड़क का निर्माण कराया गया था। विभाग द्वारा अलग-अलग चरणों में इस सड़क का विस्तार किया गया जिससे अब रघुनाथपुर से बलरामपुर जिले के अंतिम छोर तक लोगों को आवागमन की सुविधा मिल रही है। बलरामपुर जिले के अंतिम छोर तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध होने एवं छोटा मार्ग होने के कारण न केवल सरगुजा बल्कि रायगढ़ जिला के यात्री भी इसी मार्ग से बलरामपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों सहित यूपी एवं झारखण्ड जाने के लिए उपयोग करते हैं। प्रारंभ में मार्ग की जानकारी नहीं होने के कारण यातायात का दबाव कम था लेकिन अब मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ने के कारण यातायात का दबाव भी बढ़ गया है। पांच साल पूर्व विभाग ने सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराई थी इसके बाद से विभाग द्वारा गड्ढों की मरम्मत कराने की पहल नहीं की गई। सड़क का शेष हिस्सा तो ठीक है लेकिन धौरपुर से बबौली तक 6 किमी लम्बी सड़क पूरी तरह उखड़ गई है तथा सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि मौसम साफ रहने पर दिन-रात सड़क की धूल का सामना करना पड़ता है जबकि बरसात में सड़क पर जगह-जगह पानी एवं कीचड़ जमा हो जाता है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से लोग दुर्घटना के भी शिकार होते है।



जर्जर सड़क।

**पंचायत ने कराई थी मरम्मत**

पिछले साल बरसात में सड़क के गड्ढों का आकार बढ़ने एवं आए दिन दुर्घटनाएं होने पर ग्रामीणों के दबाव पर ग्राम पंचायतों ने मूलभूत की राशि से मुरूम एवं स्टोन डस्ट से गड्ढों की मरम्मत कराई थी। बारिश होने के बाद फिर से सड़क बदहाल हो गई है। ग्रामीणों के दबाव में ग्राम पंचायतों द्वारा अपने क्षेत्र के गड्ढों में मुरूम भरवाया गया था लेकिन वर्षा होते ही गड्ढे फिर से तैयार हो जा रहे हैं। ग्राम कुदर के उप सरपंच प्रमोद कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायतों के पास इतनी राशि उपलब्ध नहीं है जिससे सड़क की मरम्मत कराई जा सके। सड़क मरम्मत अत्यंत आवश्यक है लेकिन इसके लिए अधिक राशि की जरूरत पड़ेगी।

**नहीं है वैकल्पिक मार्ग**

धौरपुर-बबौली मार्ग से ग्राम जोरी, विल्हमा, रघुपुर, कुदर, बबौली एवं जमोनी जुड़े हैं। तहसील मुख्यालय आने के लिए इन गांवों के लिए यह एकमात्र मार्ग है। अस्पताल जाना हो या फिर तहसील कार्यालय एवं स्कूल-कॉलेज ग्रामीणों का यही मार्ग सहारा है। खतरनाक गड्ढों के कारण 6 किमी की दूरी तय करने में ही एक घंटा का समय लग जाता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

विभाग के पास मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध नहीं रहती है। सड़क की गांरटी अवधि भी खत्म हो गई है। सड़क मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही मरम्मत कराई जाएगी।

-श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर
सहायक अभियंता, पीएमजीएसवाई



## शकुंतला के प्रयास से सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों का एक और बड़ा परिणाम सामने आया है। वर्षों से बदहाल पड़ी अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण का बहुप्रतीक्षित कार्य अब धरातल पर उतरने जा रहा है। लगभग 42 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 24 करोड़ 58 लाख 78 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा पहले ही प्रदान की जा चुकी है, जबकि अब लोक निर्माण विभाग ने विधिवत कार्यादेश जारी कर निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दे दिए हैं।

- बरसात के बाद बनेगी अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य सड़क

अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग से जहां प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। महान-3 कोयला खदान क्षेत्र से भारी वाहनों के लगातार संचालन के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती थी, जिससे लोगों, मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी इस समस्या को विधायक शकुंतला सिंह ने गंभीरता से लिया और लगातार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात कर इस सड़क के लिए स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया। विधायक के लगातार प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा 7 नवंबर को इस सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य के लिए 2458.78 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाए तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। इसके बाद लोक निर्माण विभाग संभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता कार्यालय द्वारा 8 जून को कार्यादेश जारी कर चंद्रा कंस्ट्रक्शन को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

अनुबंध के अनुसार लगभग 2140.76 लाख के अनुबंध मूल्य पर यह कार्य छह माह की अवधि में, वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए पूरा किया जाना है। कार्य में सड़क का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण, मोटी कंक्रीट परत तथा आवश्यक डामरीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित बनी रहे। हालांकि वर्तमान में मानसून के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, लेकिन विभाग ने संपूर्ण कार्य योजना तैयार कर ली है।

## प्लेसमेंट कर्मचारी को नकाबपोश तीन लोगों ने पहले बनाया बंधक फिर लूट लिए बाइक व नगदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत में पदस्थ एक प्लेसमेंट कर्मचारी को राजपुर सीमा से लगे सागौन जंगल सेमरा बकासपुर ग्राम में सोमवार दोपहर घात लगाकर बैठे नकाबपोश लुटेरों ने हमला करके न सिर्फ उसे बंधक बनाया बल्कि नगदी, मोबाइल और बाइक लूट लिया। तीन नकाबपोश द्वारा दिनदहाड़े राजपुर से 2 किलोमीटर दूर जंगल घटना को अंजाम दिया जिससे राजपुर इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी शंकर नाग ने बताया कि वह रोज की तरह अपने सेमरा घर से राजपुर ड्यूटी के लिए जा रहा था। दोपहर में 2.30 बजे के बीच दो-तीन अज्ञात नकाबपोशों ने उसे रोक कर जंगल के अंदर ले गए और हाथ पैर बांधकर उसके पास रखे पैसे, मोबाइल लूट लिए और बाइक क्रमांक सीजी 30 एच 1574 को भी लेकर फरार हो गए।



किसी तरह सागौन जंगल में अंदर से बाहर आया जहां पर पुटु बीनने गए ग्रामीणों की नजर पड़ी और उन्होंने उसे बंधन मुक्त किया। पीड़ित ने नगर पंचायत और थाने में इसकी सूचना दी। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह ने भी इस लूटपाट की घटना की पुष्टि की है। राजपुर थाना में प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर जिले भर की पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच की जा रही है।

इस संबंध में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि प्रार्थी के रिपोर्ट के अनुसार लूटपाट का मामला का दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पीड़ित के बताए अनुसार हर पहलू पर बारीकी से जांच की जा रही है।

**घसीटते हुए निकला जंगल से**

घटना के करीब एक घंटे बाद घायल शंकर नाग किसी तरह से घसीटते हुए जंगल से पगडंडी की ओर गया और अपने बंधे हुए पैर को किसी तरह से जंगल से रेंगने की कोशिश की। वहां से पुटू बीनकर जा रहे लोगों की नजरें उस पर पड़ी जिसके बाद घायल को उसके घर सेमरा तक पहुंचा दिया गया।

## शराब पीने पैसा नहीं दिया तो ग्रामीण ने लगा लिया फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी जगनारायण यादव (62 वर्ष) पत्नी, बेटा और बहू के साथ किराए के मकान में रहता था। सोमवार को जगनारायण शराब पीने के लिए लिए पत्नी से पैसा की मांग की जिस पर पत्नी ने पैसा देने के मना कर दिया। पैसा नहीं देने से नाराज हुए जगनारायण ने पत्नी दुलेश्वरी, बेटा विशुन, उमेश व बहू के साथ गाली गलौज करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ता देख परिवार के लोग घर से बाहर निकल कर बात करने लगे। कुछ समय बाद जब बेटा अंदर गया तो देखा पिता फांसी में लटका हुआ था। परिजन तत्काल उसे फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## सोनवाही जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच सोनवाही जंगल में द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने युवक की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया,हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लटोरी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय सुनील कुमार राजवाड़े पिता दिलबंधु राजवाड़े निवासी ग्राम खर्रा, थाना ओड़गी के रूप में हुई है,बताया जा रहा है कि सुनील राजवाड़े मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सोनवाही जंगल के समीप द्वारिकानगर काली मंदिर तिराहा के पास बारिश के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है जिसके बाद पुलिस ने तत्काल परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## शहर में सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर अब होगी कैमरे से निगरानी

**अंबिकापुर।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को एमआईसी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। अब शहर में जगह जगह कचरा फेंकने वालों पर कैमरे से निगरानी रखने के साथ ही उनपर जुर्माना लगया जाएगा। इसके साथ ही शहर के घुमंतू पशुओं को संभालने का जिम्मा अब निजी हाथ को देने का निर्णय लिया गया है। वहीं नगर निगम ने शहर में तीन नए स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।

- एमआईसी की बैठक में लिया गया निर्णय, लगेंगे सीसीटीवी, लगेगा जुर्माना

बता दें कि मंगलवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की अध्यक्षता में महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 14 बिन्दुओं पर चर्चा करने के साथ ही अहम निर्णय लिए गए। बैठक में शहर की 6 सड़कों के मरम्मत व निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की गई 22 करोड़ की राशि के लिए टेंडर किया गया है। महापौर ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और दर स्वीकृति के बाद अक्टूबर महीने से काम शुरू करा दिया जाएगा। एमआईसी में टेंडर के दर को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही बैठक में शहर में स्वच्छता को लेकर मुद्दा गरमाया रहा। शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के बाद भी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। लगातार आह्वान किए जाने और समझाइश के बाद भी लोग अपने घरों और दुकानों से कचरा सडकों पर फेंक रहे है। व्यावसायिक मार्गों की हालत और भी खराब है। रात होती ही लोगों के घरों से कचरा सड़क पर फेंकने का सिलसिला शुरू हो जाता है। महापौर ने बताया कि वर्तमान में 8-10 ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया गया है जहां कचरा फेंका जाता है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा और अब कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनपर कड़ाई करने के साथ ही जुर्माना लगे जाएगा। शहर में आवारा मवेशियों के कारण भी समस्या बढ़ गई है और लोग हादसों का शिकार हो रहे है। लोगों द्वारा अपने मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है। नगर निगम की एम्आईसी में निर्णय लिया गया है कि इन आवारा मवेशियों को संभालने का जिम्मा सत्यम द्विवेदी को दिया जाएगा। भविष्य में इन मवेशियों की नीलामी कराई जाएगी।



**स्ट्रीट लाईट के लिए 30 लाख मिले**

बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारी-कर्मचारियों पर भी नाराजगी जाहिर की। पार्षदों का फोन नहीं उठाए जाने की शिकायत पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने बताया कि शहर में स्ट्रीट लाईट के मरम्मत और केबल के लिए राशि नहीं होने से परेसानी हो रही थी। इस समस्या को दिशा समिति की बैठक में उठाया गया था जिसपर कलेक्टर ने राशि स्वीकृति का आश्वासन दिया था और अब कलेक्टर की ओर से डीएमएफ मद से 30 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि शहर में दीवारों पर विज्ञापन की वाल राइटिंग करने वालों से अब शुल्क वसूला जाएगा।



## बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था, सप्ताह में दो दिन आते हैं शिक्षक

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कचोहर के शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहां पदस्थ प्रधान पाठक शिवशंकर कमलवंशी, शिक्षिका सोम प्रभा सिदार एवं शिक्षिका सुमन राठौर विद्यालय से अनुपस्थित मिले। बताया जा रहा है कि लगातार पांचवीं बार निरीक्षण के दौरान ये शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि विद्यालय के शिक्षक सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही स्कूल आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों की लापरवाही और नियमित अनुपस्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उनका कहना है कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय नहीं पहुंचते, जबकि वेतन का पूरा लाभ ले रहे हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में पूर्व बीईओ एसपी जायसवाल, मीना वर्मा, सच्चिदानंद पाण्डेय, पं.रामनारायण शर्मा व चंद्रभूषण मिश्र के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी का प्रारंभ रामचरित मानस, बंशीधर लाल व एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों के संक्षिप्त पाठ से हुई। मीना वर्मा ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। उपस्थिति अतिथियों ने विश्व जनसंख्या दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। काव्यगोष्ठी में डॉ.पूनम दुबे वीणा ने आबादी इतनी बढ़ी, खुशी हुई काफूर, आशा पाण्डेय ने नहीं मिलेगा अन्न भी, जन होंगे बेहाल, डॉ.माधुरी जायसवाल ने जनसंख्या की वृद्धि से देश हुआ लाचार, मुकुंदलाल साहू ने नही मिलेगा कुछ कही, होगा हाहाकार, मंशा शुक्ला ने पड़ती कमाई अब पूरी नहीं है, आनंद यादव ने बढ़ती जनसंख्या का यह कैसा विस्तार, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जब धरती बिरहन तरसी है, रामलाल विश्वकर्मा ने मंदिरों में मन के अंदर प्रश्न कितने आ गए, अजय सागर ने रातभर हवा गुनगुनाती रही, चंद्रभूषण मिश्र ने पर्दे में ऐ पर्दानशी इतराना सिख, रंजीत सारथी ने मनमोहना कन्हैया मोर मया मा बांध डारे व मीना वर्मा ने कर्मा की कुटिया में चलकर जगन्नाथ जब आते थे रचना की प्रस्तुति दी।



## शौच के लिए निकले मजदूर पर हाथी का हमला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर बीट में जंगली हाथियों की दस्तक आखिरकार एक बड़ी घटना में बदल गई। पिछले तीन दिनों से जंगल और गांवों के आसपास विचरण कर रहे हाथियों ने सोमवार सुबह एक मजदूर पर जानलेवा हमला कर दिया। शौच के लिए जंगल किनारे गए मजदूर को हाथी ने जमीन पर पटकने के बाद उसके बाएं पैर को बुरी तरह कुचल दिया। मजदूर की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब तक हाथी जंगल की ओर बढ़ चुका था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद कल्याणपुर हरिजनपारा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।



घायल की पहचान सुंदरपाल पिता गोपाल के रूप में हुई है। वे मूल रूप से भुम्मा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में कल्याणपुर के एक गुड़ फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। सोमवार सुबह वह रोज की तरह शौच के लिए जंगल किनारे गए थे। इसी दौरान कल्याणपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2572 में छिपे एक हाथी से उनका सामना हो गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, हाथी ने उन पर हमला बोल दिया और उनके एक पैर को बुरी तरह कुचल दिया जिससे पैर की हड्डी टूट गई हैं। वन विभाग के अनुसार अखोरा बीट से निकले दो हाथी तीन दिनों से सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। हाथियों की लगातार गतिविधियों के कारण वन विभाग, हाथी मित्र दल और ग्रामीणों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था। दिनभर हाथियों की लोकेशन पर नजर रखी जा रही थी और लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील की जा रही थी। सोमवार को सूचना मिली कि दोनों हाथी बलरामपुर जिले की ओर चले गए हैं। इससे ग्रामीणों और वन अमले ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ ही देर बाद खबर आई कि एक हाथी फिर से कल्याणपुर हरिजनपारा में लौट आया है। इसके बाद वन विभाग पूरी रात उसकी निगरानी करता रहा।











# मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

**अवेयरनेस**


**रजनी अरोड़ा**

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अकसर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!







आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

## ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

---

**एडवाइस**

**शिखर चंद जैन**

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

# तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प



मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।

**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।



**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे-साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

## ब्रेन एक्सरसाइज करें



जिस प्रकार शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।



## खबर संक्षेप

### शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई

**सरसींवा।** सरसीवा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ग्राम गगोरी में अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब बिक्री करते हुए पकडा गया। आरोपिया नीराबाई पटेल पति मनोहर पटेल 37 गगोरी भाठापारा के कब्जे से 18 लीटर शराब कीमत 36 सौ रुपए जब्त किया गया। आरोपिया सुखबाई जांगडे पति समे लाल जांगडे 50 गगोरी के कब्जे से 14 लीटर कीमती 28 सौ जब्त किया गया। सतीश कुर्रे पिता संतोष कुर्रे 30 गगोरी 24 लीटर कीमत 48 सौ, खुनुन बाई कठौतिया पति श्याम सुंदर कठौतिया 50 से 15 लीटर, अनिता मनहर से 9 लीटर, कमल मनहर से 25 लीटर, चंद्रिका भारद्वाज से 12.100 लीटर जब्त किया गया। वही ग्राम मुड़पार एवं पिपरडीह में तीन अलग-अलग मामलों में 33.350 लीटर शराब जब्त किया गया।

### सफाईकर्मी और स्वच्छता दीदियों का सम्मान

**बरमकेला।** नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बरमकेला में स्वच्छता कार्य से जुड़े सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों के अथक परिश्रम, समर्पण और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना, उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में उनके कार्य के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वच्छता कर्मियों का स्वागत कर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत बरमकेला के अंतर्गत कार्यरत सभी सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा उनका सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही स्वच्छता कार्य के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई), दस्ताने, मास्क, जूते आदि का नियमित उपयोग करने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

### आरटीई के बच्चों को मिलीं स्कूल ड्रेसेस

**सरसीवा।** मधाई भाटा के बच्चों के चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान और नए कपड़ों की खुशी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला मढ़ाईभाठा के विनायक एकेडमी इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में। यहाँ शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ाई कर रहे नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक बेहद खास और सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में केजी क्लास से लेकर कक्षा दूसरी तक के सभी आरटीई विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से बिल्कुल निःशुल्क (फ्री) यूनिफॉर्म बांटी गई। कार्यक्रम की शुरुआत बहुत ही सकारात्मक माहौल में हुई। स्कूल मैनेजमेंट ने न सिर्फ बच्चों का, बल्कि उनके साथ आए पालकों (पेरेंट्स) का भी तिलक लगाकर और फूलों से आत्मीय स्वागत किया। कई बार आर्थिक तंगी के चलते पेरेंट्स बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों को लेकर चिंतित रहते हैं, ऐसे में स्कूल द्वारा उठाए गए इस कदम ने पेरेंट्स के दिलों को छू लिया। स्कूल परिसर में चारों तरफ खुशहाली और अपनेपन का माहौल दिखाई दे रहा था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऑपरेशन आघात...

वजन 311 किलो 35 ग्राम था। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 46 लाख 70 हजार 250 रुपए है। जिसे पुलिस ने गवाहों के समक्ष जब्त किया। पुलिस द्वारा तस्करी में प्रयुक्त इनोवा कार क्रमांक ओडी 17 जे 0205 को भी जब्त कर लिया गया है। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए है।

### 31 जुलाई तक करा सकेंगे बीमा, प्रतिकूल मौसम में मिलेगा सुरक्षा कवच

# खरीफ के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ हो गई है। किसान 31 जुलाई तक बीमा करा सकेंगे। प्रतिकूल मौसम में सुरक्षा बीमा कवच मिलेगा।

मानसून के आगमन के साथ जिले में खरीफ फसलों की बोनी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। किसान 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को प्रतिकूल मौसम, बाढ़, कीट-व्याधि, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसके अलावा कम वर्षा अथवा विपरीत मौसमी परिस्थितियों के कारण बुवाई विफल होने की स्थिति भी योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा सुरक्षा के दायरे में आती है। योजना के अंतर्गत फसल कटाई के बाद आगामी 14 दिनों तक खेत में सूखाने के लिए रखी गई फसल को भी निर्धारित प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होने पर दावा भुगतान की पात्रता होगी। इस अवधि में ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम बारिश अथवा चक्रवाती वर्षा के कारण अधिसूचित फसल को नुकसान पहुंचने पर किसान योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा दावा प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को फसल की बुवाई से लेकर कटाई के बाद की निर्धारित अवधि तक विभिन्न प्राकृतिक जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।



### 9 फसलों का कराया जा सकेगा बीमा

जशपुर जिले के किसान खरीफ 2026 में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, अरहर और उड़द फसल का बीमा करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत बीमा इकाई ग्राम एवं राजस्व निरीक्षक मंडल निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषक, भू-धारक तथा बटाईदार किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित फसल उगाने वाले ऐसे सभी गैर-ऋणी किसान, जो स्वेच्छा से योजना में शामिल होना चाहते हैं, वे बुवाई पुष्टि प्रमाण पत्र को क्षेत्रीय पटवारी अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सत्यापित कराकर तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर फसल बीमा करा सकते हैं।

### किसानों को देना होगा 2 प्रतिशत प्रीमियम

जिले में खरीफ की अधिसूचित फसलों के लिए किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इसके अनुसार किसानों को धान सिंचित के लिए 1100 रुपए, धान असिंचित के लिए 860 , मक्का के लिए 700, कोदो के लिए 320, कुटकी के लिए 340, रागी के लिए 300, मूंगफली के लिए 840, अरहर के लिए 600 तथा उड़द के लिए 440 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम राशि जमा करनी होगी।

### यहां करा सकते हैं बीमा

किसान अपनी फसल का बीमा कराने के लिए संबंधित सहकारी समिति, बैंक, बीमा प्रदाता कंपनी अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की है। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खेती प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर होने के कारण कई प्रकार के जोखिमों से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को संभावित फसल नुकसान की स्थिति में महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसलिए पात्र किसान 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं और योजना का लाभ उठाएं।



## शराबी पड़ोसी ने वृद्धा के सिर पर टांगी से किया जानलेवा हमला

**कोतबा।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतबा चौकी के ग्राम सुरगंपानी डुमरडीह में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां शराब के नशे में हंगामा करने से मना करने पर एक व्यक्ति ने अपनी बुजुर्ग पड़ोसन के सिर पर टांगी से जानलेवा वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल वृद्धा का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने उसका मरणासन्न बयान दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हालत नाजुक; तहसीलदार ने दर्ज किया मरणासन्न बयान

प्राप्त जानकारी और दर्ज एफआईआर के अनुसार, ग्राम सुरगंपानी निवासी 65 वर्षीय एतवारू राम ने बताया कि उसका पड़ोसी इन्दल चौहान (50 वर्ष) 14 जुलाई की रात शराब के नशे में धुत होकर मोहल्ले में गाली-गलौज और भारी हंगामा कर रहा था, जिससे लोगों का सोना मुहाल हो गया था। अगले दिन 15 जुलाई की सुबह करीब 11:30 बजे, इन्दल चौहान हाथ में टांगी लेकर अपने मवेशी चराने जा रहा था। इसी दौरान एतवारू राम की पत्नी सांजो बाई ने उसे रात में शराब पीकर हंगामा करने को लेकर टोका। टोके जाने पर इन्दल चौहान भड़क गया और गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से सांजो बाई के सिर पर टांगी के धारदार हिस्से से तीन-चार बार प्राणघातक हमला कर दिया। हमले में सिर फटने से वृद्धा खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने आए पति एतवारू राम को भी आरोपी ने यह कहते हुए जान से मारने की धमकी दी कि यहां से भाग जाओ, नहीं तो तुम्हें भी खत्म कर दूंगा। चीख-पुकार सुनकर बहू और नातिन बाहर आईं, जिन्हें देखकर आरोपी टांगी लेकर अपने घर की ओर भाग निकला।

### हालत बेहद गंभीर

परिजनों ने पूर्व सरपंच मेतरो राम पैकरा की मदद से घायल सांजो बाई को तत्काल कोतबा के नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार बागबहार कृष्णमूर्ति दीवान और नायब तहसीलदार बागबहार करण सिंह राठिया ने कोतबा अस्पताल पहुंचकर घायल वृद्धा का मरणासन्न बयान दर्ज किया है।

### अपराध कायम जांच में जुटी पुलिस

इस खौफनाक वारदात को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। कोतबा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी इन्दल चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 109(1), और 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में अपराध कायम कर सूक्ष्मता से जांच और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए आधार ऐप मान्य, फिजिकल आधार अनिवार्य नहीं

**जशपुरनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई नई दिल्ली द्वारा नागरिकों की सुविधा और डेटा गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए नए आधार ऐप को लॉच किया गया है। यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जशपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार यूआईडीएआई के परिपत्र 30 अप्रैल 2026 के अनुसार नए आधार ऐप में नागरिकों को अपने पहचान विवरण की गोपनीयता बनाए रखने की सुविधा मिलेगी। इस ऐप के माध्यम से अब नागरिक अपना 12 अंकों का आधार नंबर साझा किए बिना भी अपनी पहचान सत्यापित कर सकेंगे। नए आधार ऐप की सबसे बड़ी विशेषता वेरिफिएबल क्रेडेंशियल है। इसके तहत नागरिक अपनी पहचान संबंधी जानकारी को पूर्ण या आंशिक रूप से डिजिटल रूप में सुरक्षित तरीके से प्रदर्शित और साझा कर सकेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 और आधार अधिनियम 2016 के तहत इस ऐप से प्राप्त डिजिटल रिकॉर्ड की विधिक मान्यता भी सुनिश्चित की गई है। जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि जन्म अथवा मृत्यु पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच, मिलान एवं ऑनलाइन प्रविष्टि के समय यदि कोई हितग्राही या आवेदक नए आधार ऐप के माध्यम से अपना पहचान विवरण डिजिटल रूप में प्रस्तुत करता है, तो उसे पहचान के पूर्णतः वैध और कानूनी साक्ष्य के रूप में अनिवार्य रूप से स्वीकार किया जाए। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हितग्राही द्वारा डिजिटल रूप में क्रेडेंशियल प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में उनसे मूल 12 अंकों का भौतिक आधार कार्ड या उसकी छायाप्रति जमा करने के लिए अनावश्यक रूप से विवश न किया जाए। भौतिक आधार कार्ड, आधार पत्र, ई-आधार, मास्क्ड ई-आधार और एम-आधार पूर्व की भांति पहचान के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे।

## छात्र परिषद् ने ली नेतृत्व, सेवा की शपथ

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय स्थित संत जेवियर्स स्कूल शांति भवन जशपुर में बुधवार को गरिमामय वातावरण में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की नवनिर्वाचित छात्र परिषद् के पदाधिकारियों का विधिवत अलंकरण कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

चयनित सदस्यों को बैच, पट्टे और विद्यालय ध्वज प्रदान कर उनके पदों का औपचारिक अलंकरण समारोह की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत के साथ हुई। इसके बाद छात्र परिषद् के नवचयनित सदस्यों को बैच, पट्टे और विद्यालय ध्वज प्रदान कर उनके पदों का औपचारिक अलंकरण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने, साथियों का मार्गदर्शन करने, निष्ठा, समर्पण और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। अंत में स्कूल कैप्टन रेजिना बेक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि नई छात्र परिषद् अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के शाला प्रबंधक फादर फुल्जेन्स एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों को ईमानदारी और सेवा भाव से निभाने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, आत्मविश्वास, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सच्चा नेता वही होता है जो अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बने और विद्यालय के मूल्यों को आगे बढ़ाए। साथ ही सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।




संत जेवियर्स स्कूल में अलंकरण समारोह

**नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर बल-** इस अवसर पर हिंदी माध्यम के प्राचार्य फा. जॉन क्रूस लकड़ा तथा अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य फा. अजय केरकेट्टा ने भी छात्र परिषद् के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों को विकसित करने पर विशेष बल देता है। उन्होंने छात्र परिषद् से विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## खेत के बीच अचानक हो गया विशाल गड्ढा ग्रामीणों के बीच बढ़ा कौतूहल, लगी भीड़



**बरमकेला।** डोमाडीह और झिलगीटार के बीच स्थित एक खेत में सोमवार सुबह एक रहस्यमयी घटना सामने आई जिसने पूरे क्षेत्र में कौतूहल और चिंता का माहौल पैदा कर दिया। सुबह जब किसान और ग्रामीण रोज की तरह खेतों की ओर पहुंचे तो उनकी नजर खेत के बीचों बीच बने एक विशाल गड्ढे पर पड़ी। कुछ घंटे पहले तक जहां समतल खेत था, वहां अचानक करीब 9 से 10 फीट गहरा और 12 से 15 फीट चौड़ा गोलाकार गड्ढा बन चुका था। घटना की खबर देखते ही देखते पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर इस रहस्यमयी गड्ढे को देखने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 7 से 8 बजे इस गड्ढे की जानकारी ग्रामीणों को मिली।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल तमता में साइकिल वितरण

### मंडल अध्यक्ष ने दिया मंच निर्माण का आश्वासन

**जशपुरनगर।** पत्थलगाव विकासखंड के ग्राम पंचायत तमता स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना' के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत तमता की सरपंच सीता बाज उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में शालेय परिवार के सदस्यों द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों के हाथों कक्षा 9वीं की सभी छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गईं। मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को पेन वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने की सीख दी। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और अपने माता-पिता के साथ ही अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य मोहन लाल पटेल, शिक्षक पुरुषोत्तम यादव, शिक्षक रविंद यादव, शिक्षक उद्धव कर्स, शिक्षिका गीता यादव सहित स्कूल के अन्य सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।



मंच निर्माण का आश्वासन- कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य मोहन लाल पटेल ने बताया कि योजना के तहत स्कूल की सभी पात्र छात्राओं को सायकिल का वितरण कर दिया गया है। इसी दौरान विद्यालय परिवार की ओर से स्कूल परिसर में एक छज्जा युक्त मंच' के निर्माण की मांग रखी गई। इस मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि छात्राओं की सुविधा के लिए जल्द इस मंच का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस साइकिल वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीसी रमेश यादव एवं पंच गणेश यादव उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को नवोदय चयन परीक्षा से जोड़ने विशेष पहल

**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है।

नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखानी ने कलेक्टर रोहित व्यास को भेजे पत्र में जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के सफल संचालन में प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग और संरक्षण के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विद्यालय अपने उद्देश्यों की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होता है, जो नवोदय विद्यालय समिति की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया है। पिछले वर्ष

### व्यापक प्रचार कर कराएं अधिकाधिक पंजीयन

इस परीक्षा के लिए देश भर में 25 लाख 99 हजार 277 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इस वर्ष समिति का लक्ष्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों, विशेष रूप से बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित है। आयुक्त ने बताया कि चयन परीक्षा के अधिकांश अभ्यर्थी ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर पात्र एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी को प्रवेश प्रक्रिया और ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी से अवगत कराने को कहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध सभी माध्यमों से जेएनमव्हीएसटी-2027 के ऑनलाइन पंजीकरण, जवाहर नवोदय विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया गया है। साथ ही जिले के जवाहर नवोदय विद्यालयों को भी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पंजीकरण और चयन परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### रायगढ़ में जुटे वैष्णव समाज के सदस्य

# छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा 5811 के इतिहास में रविवार का दिन रायगढ़ जिले के लिए ऐतिहासिक बन गया। केवड़ाबाड़ी स्थित मंगल भवन में आयोजित जिला स्तरीय निर्वाचन, शपथ ग्रहण एवं संगठन गठन समारोह में समाज की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 900 से अधिक स्वजातीय बंधुओं, माताओं, बहनों और युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को एक विशाल सामाजिक महाकुंभ का स्वरूप दे दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं विभिन्न मंडलों का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। निर्वाचन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की एकता, संगठन और सेवा के लिए शपथ ग्रहण की। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव के रायगढ़ आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक समाजजनों ने ढोल नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। श्रीमती रेखा वैष्णव ने 500 से अधिक मतों के भारी अंतर से विजय हासिल कर जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाला। वहीं समाज की सर्वसम्मति से दिव्यशेखर बैरागी को निर्विरोध जिला महासचिव चुना गया। युवा नेतृत्व की जिम्मेदारी प्रफुल वैष्णव को जिला युवा अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई। महासभा ने तमनार क्षेत्र में पूर्व में आयोजित सफल विष्णु महायज्ञ एवं संगठनात्मक कार्यों को देखते हुए वहां के पदाधिकारियों पर दोबारा विश्वास जताया। तमनार क्षेत्र में किसी प्रकार का फेरबदल नहीं किया गया, जिसे समाज ने संगठन के प्रति सम्मान के रूप में देखा। पूरे निर्वाचन को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण वैष्णव गढ़फुलझर बसना सहित लखन दास वैष्णव सारंगढ़, तरुण वैष्णव कोरबा एवं हीरा दास वैष्णव जैजैपुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश युवा अध्यक्ष विश्वनाथ बैरागी प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष लखन दास वैष्णव सारंगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से अनेक वरिष्ठ समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



